दैनिक जागरण 24/04/2025

# ईआरपी सिस्टम के बारे में स्टाफ को दी जानकारी

**जासं ● अंबाला :** गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज में ईआरपी समिति द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य शैक्षणिक एवं प्रशासनिक दक्षता हेतु स्टाफ की ईआरपी सिस्टम उपयोग करने की क्षमता को सुदृढ़ करना रहा। इस प्रशिक्षण सत्र में डुप्ले आइटी साल्यूशंस के विशेषज्ञ अमितोज ने भाग लिया। उन्होंने प्रतिभागियों को ईआरपी प्रणाली की विभिन्न कार्यप्रणालियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने स्टाफ सदस्यों को ईआरपी सिस्टम से सक्रिय रूप से जुड़ने हेतु प्रेरित किया।